## गुस्ताखी माफ



जब हो कुत्ता सामने, खुद को समझें शेर।
अगर डर गये आप तो, कुत्ता लेगा घेर।
कुत्ता लेगा घेर, ज्ञान यह निर्मल आया।
महामहिम सुप्रीम, कोर्ट ने स्वयं बताया।
कह साहिल कविराय, उच्चतम हैं वे ज्ञानी।
देंगे अंदर भेज, अगर ना आज्ञा मानी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 364 | SATURDAY 10-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# मान सरकार के बड़े फैसले : लेहरागागा में मेडिकल कॉलेज, देश की पहली डिजिटल ओपन यूनिवर्सिटी नीति को मंजूरी

चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब कैबिनेट ने शुक्रवार को जनहित से जुड़े कई ऐतिहासिक और दूरगामी फैसलों को मंजूरी दी। इन फैसलों में लेहरागागा में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना, भारत की पहली प्राइवेट डिजिटल ओपन यूनिवर्सिटीज नीति 2026, एमनेस्टी नीति का विस्तार, ऋ्टअऊ्अ प्रॉपर्टी दरों का युक्तिकरण और सतलुज नदी की डीसिल्टिंग शामिल हैं। ये निर्णय स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और आम नागरिकों को सीधी राहत देने की दिशा में अहम माने जा रहे हैं।



## लेहरागागा में मेडिकल कॉलेज को मंजूरी

- 19 एकड़ 4 कनाल भूमि आवंटित
- मालवा क्षेत्र को मिलेगा बड़ा स्वास्थ्य लाभ
- जैन समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेज की स्थापना
- प्रारंभिक चरण में 220 बेड का अस्पताल
- 50 MBBS सीटों से होगी शुरूआत
- 8 वर्षों में विस्तार कर 400 बेड और 100 MBBS सीटें
- फीस व सीट आवंटन राज्य सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार

## *ऐतिहासिक डिजिटल ओपन यूनिवर्सिटी नीति 2026*

- *भारत की पहली व्यापक प्राइवेट डिजिटल ओपन यूनिवर्सिटी नीति*
- *छात्र घर बैठे मोबाइल/लैपटॉप से पूरी डिग्री कर सकेंगे*
- *UGC व AICTE मानकों के अनुरूप वैध डिग्रियां*
- *IT, AI, डेटा साइंस, हेल्थकेयर जैसे कोर्स*
- *न्यूनतम ₹20 करोड़ कॉर्पस फंड अनिवार्य*
- *पंजाब बनेगा देश का डिजिटल हायर एजुकेशन हब*

## डिफॉल्टर प्लॉट अलॉटीज को बड़ी राहत

- एमनेस्टी नीति 2025 की समयसीमा बढ़ी
- अब 31 मार्च 2026 तक मिलेगा मौका
- डिफॉल्टर अलॉटीज फिर से कर सकेंगे आवेदन
- बकाया राशि 3 महीने में जमा करने की सुविधा

## GMADA प्रॉपर्टी दरों का वास्तविक मूल्यांकन

- स्वतंत्र वैल्यूएशन के आधार पर दरें तय होंगी
- न बिकने वाले प्लॉट्स की कीमतों में संभावित कमी
- आम लोगों को प्रॉपर्टी खरीदने में राहत

## सतलुज नदी की सफाई को हरी झंडी

- NHAI द्वारा ₹3 प्रति घन फीट की दर से गाद की सफाई एवं डीसिल्टिंग
- लुधियाना-रोपड़ रोड प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार
- 30 जून 2026 तक लागू रहेगा निर्णय

## कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा

- बाबा हीरा सिंह भट्ठल संस्थान के स्टाफ का समायोजन
- सरकारी विभागों में प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति
- कर्मचारियों के हितों की रक्षा का निर्णय

HEARTIEST
*Congratulations*



**Hon'ble Sh. Sanjeev Arora**
**MLA, Ludhiana (West)**
**On being appointed as Cabinet Minister**
**DEPARTMENT OF LOCAL GOVERNMENT**
**in addition to**
**Industry & Commerce, Power & Investment Promotion**
**We wish you all the best in all of your endeavors**

Kamal Oswal
**Nahar Group of Companies**

Rajinder Gupta, Rajya Sabha MP
**Trident Limited**

Anoop Bector
**Mrs Bector's Food Specialities Ltd**

Sanjiv Garg
**Garg Acrylics Ltd**

Gagan Khanna
**Arisudana Industries Ltd**

Neeraj Saluja
**SEL Manufacturing Co. Ltd**

Rajesh Aggarwal
**TRB Exports Pvt. Ltd**

Uturn Time 10 Jan 2026_Page 1-4.qxd 09-01-2026 22:48 Page 2



## GST न्यूज अलर्ट : RCM में Self-Invoice की जानकारी GSTR-1 में देना अनिवार्य

GST कानून के अंतर्गत Reverse Charge Mechanism (RCM) के मामलों में पंजीकृत व्यापारी को Self-Invoice जारी करना अनिवार्य है। यदि माल या सेवा ऐसे सप्लायर से ली जाती है जिस पर RCM लागू होता है, तो टैक्स की जिम्मेदारी प्राप्तकर्ता (Buyer) पर होती है।



GST विशेषज्ञ Karan Chawla Advocate के अनुसार, सिर्फ Self-Invoice बनाना पर्याप्त नहीं है। इसकी पूरी जानकारी GSTR-1 के "Documents Issued" सेक्शन में अवश्य दर्ज की जानी चाहिए।

इसमें Self-Invoice की सीरियल नंबर रेंज, तारीख और कुल दस्तावेजों की संख्या सही-सही दिखाना जरूरी है।

GSTR-1 में Self-Invoice का विवरण न देने पर डिपार्टमेंटल नोटिस, ITC में अड़चन और कंप्लायंस संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

RCM से जुड़े सभी लेन-देन का उचित रिकॉर्ड, समय पर टैक्स भुगतान और सही रिपोर्टिंग भविष्य में ऑडिट या जांच से बचने के लिए आवश्यक है।

व्यापारियों को सलाह दी जाती है कि वे RCM के अंतर्गत जारी प्रत्येक Self-Invoice को GSTR-1 में Documents Detail में अनिवार्य रूप से दर्शाएं।

## विजिलेंस ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई, 5 हजार रुपये रिश्वत लेते एएसआई रंगे हाथों गिरफ्तार

चंडीगढ़, यूटर्न, 9 जनवरी। पंजाब विजिलेंस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला कपूरथला के थाना सिटी फगवाड़ा में तैनात सहायक



सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) सरबजीत सिंह को 5,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शिकायतकर्ता के माता-पिता को जमानत दिलाने में मदद करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। विजिलेंस ब्यूरो ने बताया कि यह कार्रवाई जिला जालंधर के गांव ईसरवाल निवासी शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता के माता-पिता के खिलाफ थाना सिटी फगवाड़ा में मामला दर्ज था। आरोप है कि एएसआई सरबजीत सिंह ने शिकायतकर्ता को अदालत परिसर फगवाड़ा बुलाकर उसके माता-पिता को जेल भेजने की धमकी दी और जमानत में मदद के नाम पर रिश्वत की मांग की। प्रवक्ता अनुसार, दबाव में आकर शिकायतकर्ता ने मौके पर 2,000 रुपये रिश्वत के तौर पर दिए। इसके बाद आरोपी ने कुल 10,000 रुपये की मांग की और अलग-अलग किस्तों में शिकायतकर्ता से पहले ही 6,000 रुपये वसूल लिए। जमानत मिलने के बाद भी आरोपी रिश्वत की शेष रकम मांगता रहा।

## रॉयल ग्रुप जीरकपुर ने ढकौली CSC को फॉगर डोनेट किया



जीरकपुर, यूटर्न, 09 जनवरी। रॉयल ग्रुप (द रॉयल सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी) रजिस्टर: जीरकपुर ने आज ढकौली कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के ऑपरेशन थिएटर के लिए एक सैनिटाइजर फॉगर डोनेट किया। इस मौके पर ढकौली CHC के रटड डॉ. गगन शेरगिल भी मौजूद थे। उन्होंने रॉयल ग्रुप के सभी मेंबर्स को धन्यवाद दिया। उळउ ढकौली में इस फॉगर की बहुत समय से जरूरत थी क्योंकि ऑपरेशन करने से पहले ऑपरेशन थिएटर को डिसइंफेक्ट करने के लिए इस फॉगर की जरूरत होती है, ताकि डळ को सैनिटाइज करने के बाद ही ऑपरेशन किया जाए। इसके बाद मरीज को इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है। रॉयल ग्रुप के मेंबर्स ने रटड और दूसरे स्टाफ से कहा कि भविष्य में भी अगर हॉस्पिटल के लिए किसी भी चीज की जरूरत हो तो उनसे कॉन्टैक्ट किया जा सकता है। रॉयल ग्रुप जीरकपुर के मेंबर्स हमेशा बिना किसी स्वार्थ के सबकी सेवा के लिए तैयार रहते हैं। इस मौके पर ग्रुप के मेंटर विक्की भबत, प्रेसिडेंट हरजिंदर हैरी, चेयरमैन गुरजीत सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रमनप्रीत सिंह प्रिंस, वाइस प्रेसिडेंट विनोद कश्यप, सुशील कुमार सैनी और जतिंदर अत्री भी मौजूद थे।

## चांद सिनेमा रोड पर बनी इललीगल बिल्डिंग का मामला

# भ्रष्टाचार पर नकेल डालने की जगह स्वार्थी अधिकारी आंखों में झोंक रहे धूल, क्या सरकार के खिलाफ हो रही बड़ी साजिश ?

### अफसरों द्वारा अभी कार्रवाई की जगह एटीपी सस्पेंड-बहाल करने का खेला जा रहा खेल

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/9 जनवरी। पंजाब की आप सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर नकेल डालने के अधिक से अधिक प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ कारपोरेशन के ही कुछ स्वार्थी अधिकारी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की जगह सरकार और जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। ताजा उदाहरण नगर निगम जोन-ए में देखने को मिली। जहां फतेहगढ़ मोहल्ला के चांद सिनेमा रोड पर मौजूद मरवाहा मैन्स वेयर शोरुम के मालिक सिमरन द्वारा अवैध तरीके से चार मंजिलां इमारत बनाई गई। 26 सितंबर 2025 से लेकर 9 जनवरी 2026 तक इस इमारत पर एक्शन लेने को निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल और एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा द्वारा कई बयान दिए गए। यहां तक कि एटीपी गुरविंदरपाल सिंह लक्की को आदेश न मानने पर सस्पेंड तक किया। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि न तो बिल्डिंग सील हुई और ऊपर से जिस एटीपी लक्की को सस्पेंड किया था, उसे कुछ दिन बाद ही बहाल कर उसी जोन का चार्ज दे दिया। अब एडिशनल कमिश्नर का कहना है कि निगम कमिश्नर ने उन्हें बहाल किया है। हैरानी की बात तो यह है कि निगम कमिश्नर के आदेशों पर एक्शन हुआ और अब उन्होंने खुद ही अफसर बहाल भी कर दिया। चचाएं छिड़ गई है कि क्या भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे उक्त अधिकारी आपस में मिलकर सरकार को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। क्या अधिकारी सस्पेंड करने से अवैध बिल्डिंग लीगल हो जाएगी। इस पर पंजाब सरकार और आप नेताओं को खुद ध्यान देने की जरुरत है, क्योंकि इससे जनता में सरकार की छवि खराब हो रही है।




### निगम कमिश्नर ने सबसे पहले दिए थे एक्शन के आदेश

जानकारी के अनुसार 26 सितंबर 2025 को मरवाहा मैन्स वेयर के मालिक सिमरन मरवाहा द्वारा निगम से डेढ़ मंजिल कमर्शियल पास करवाकर पहले दूसरी मंजिल और फिर तीसरी मंजिल का लैंटर डाला। साथ ही 30 सितंबर को चौथा लैंटर डालना भी शुरू कर दिया। आठ अक्टूबर को निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने कहा कि एटीपी गुरविंदरपाल सिंह लक्की को कार्रवाई को कहा है। लेकिन उन्होंने 16 अक्टूबर को बिल्डिंग मालिक को वार्निंग देकर छोड़ दिया।

### एडिशनल कमिश्नर ने किया था सस्पेंड

वहीं निगम कमिश्नर के आदेश न मानने पर एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा ने 30 अक्टूबर को एटीपी लक्की को सस्पेंड कर चार्ज वापिस लिया। जिसके बाद चार्ज एटीपी जगदीप सिंह को दे दिया। वहीं छह नवंबर एडिशनल कमिश्नर खैरा ने कहा कि एटीपी जगदीप सिंह को एक्शन लेने के आदेश दिए हैं। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि दूसरे एटीपी भी अधिकारियों के आदेशों को टाल मटोल करते रहे और फिर उनका कहना है कि बदली होने से कार्रवाई नहीं हो सकी।



### चौथी मंजिल के बाद अब आगे निर्माण शुरू

वहीं अब मरवाहा मैन्स वेयर के मालिक द्वारा चौथी मंजिल का लैंटर तो डाल लिया, यहां तक कि बिल्डिंग को पेंट भी करवा लिया है। अब चौथी से ऊपर और निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। बेशक निगम अफसरों को यह अवैध कार्य नहीं दिखता, लेकिन शहरवासियों को जरुर दिख रहा है। इसी के चलते एक शहरवासी द्वारा यूटर्न टाइम अखबार को उक्त बिल्डिंग की फोटो क्लिक करके भेजी है। शोरुम मालिक ने उक्त बिल्डिंग को अवैध बनाई ही है, बल्कि उसके साथ वाली बिल्डिंग की कोई फीस जमा करवाए बिना उसे अवैध तरीके से चार मंजिलां बना लिया है।



### निगम कमिश्नर करते हैं ट्रांसफर-पोस्टिंग

एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा अनुसार निगम कमिश्नर द्वारा ही अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की जाती है। उनके आदेशों पर ही सस्पेंशन, बहाली और चार्ज दिया जाता है। शनिवार को मामले में एक्शन लिया जाएगा। मामले संबंधी कमिश्नर आदित्य डेचलवाल से संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन उनका मोबाइल नंबर बंद आने से संपर्क नहीं हो सका।

### कमिश्नर के आदेश न मानने पर सस्पेंड, उन्होंने ही किया बहाल



एडिशनल कमिश्नर खैरा का कहना था कि एटीपी लक्की को इस लिए सस्पेंड किया क्योंकि उन्होंने कमिश्नर के आदेशों का उल्लंघन करते हुए कार्रवाई नहीं की। चर्चा है कि कुछ दिन बाद ही एटीपी लक्की को बहाल भी कर दिया, यहां तक कि उसे उसी जोन का चार्ज भी दे दिया। हैरानी की बात तो यह है कि निगम कमिश्नर के आदेश न मानने पर उन्हें सस्पेंड किया और अब एडिशनल कमिश्नर खैरा का कहना है कि कमिश्नर ने ही उन्हें बहाल कर चार्ज दिया है। अधिकारी आपस में ही सस्पेंशन और बहाली का खेल खेलने में लगे हैं।

### इतना बाहुबली मालिक, कार्रवाई की जगह अधिकारी सस्पेंड हो रहे

वहीं लोगों में चर्चा है कि उक्त मरवाहा मेन्स वेयर का मालिक इतना बाहुबली है, कि उस पर चाहकर भी निगम का कोई उच्च अधिकारी से लेकर नीचले सत्र का अधिकारी एक्शन नहीं ले पा रहा। चार महीने में बिल्डिंग सील नहीं हुई, लेकिन चंद दिनों में अधिकारी सस्पेंड जरुर कर दिया गया। चर्चा हैं कि शायद मालिक खुद बाहुबली है या उसके पीछे किसी बाहुबली का हाथ है। जिसके चलते अफसर कार्रवाई नहीं कर पा रहे।

### कुछ दिनों के लिए मिला था चार्ज

एटीपी जगदीप सिंह अनुसार उन्हें 4-5 दिनों के लिए ही जोन-ए का चार्ज मिला था। जिस कारण वह कार्रवाई नहीं कर सके। लेकिन बता दें कि छह नवंबर को एडिशनल कमिश्नर ने कहा था कि एटीपी जगदीप को सीलिंग के आदेश दिए हैं। जबकि 17 नवंबर को एटीपी ने खुद कहा था कि सीलिंग के लिए इंस्पेक्टर भेज दिया है। यानि कि 15 दिन में भी एक्शन नहीं हुआ।

## राजा वड़िंग के नेतृत्व में पंजाब में कांग्रेस के पक्ष में मजबूत माहौल: 'मनरेगा बचाओ संग्राम' में दीवान की भूपेश बघेल से अहम मुलाकात


समराला, यूटर्न, 09 जनवरी। 'मनरेगा बचाओ संग्राम' रैली के दौरान पंजाब की राजनीति में उस समय हलचल तेज हो गई, जब लुधियाना शहरी जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता पवन दीवान की छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब मामलों के प्रभारी कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल से प्रभावशाली मुलाकात हुई। इस बैठक को कांग्रेस संगठन की रणनीति और जमीनी मजबूती के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुलाकात के दौरान पवन दीवान ने कहा कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के सशक्त और सक्रिय नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की जड़ें दोबारा जमीनी स्तर पर मजबूत हो रही हैं और आम जनता कांग्रेस को एक विश्वसनीय



विकल्प के रूप में देखने लगी है। दीवान ने पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से लुधियाना जिले के हालात से भूपेश बघेल को अवगत कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार की जन-विरोधी नीतियों से जनता पूरी तरह निराश हो चुकी है और पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में एक मजबूत लहर बन चुकी है। भूपेश बघेल ने दीवान की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों को और तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर जनता को पार्टी की जन-हितैषी नीतियों से जोड़ना चाहिए और आम आदमी पार्टी सरकार की कथित प्रशासनिक विफलताओं को प्रभावी ढंग से उजागर करना चाहिए। बाद में चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में पवन दीवान ने इस मुलाकात को अत्यंत सार्थक और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने भरोसा जताया कि आम आदमी पार्टी सरकार के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस एक बार फिर पंजाब की सत्ता में मजबूती से वापसी करेगी।

Uturn Time 10 Jan 2026_Page 1-4.qxd 09-01-2026 22:48 Page 3





पेज 06 पैसों के लेनदेन में झगड़े के बाद दोस्त ने की हत्या

# फिरोजगांधी मार्केट और कोर्ट कांप्लेक्स बैक साइड ट्रैफिक के हालात खस्ता, लोगों की अफसरों को नसीहत

## सोशल मीडिया पर वाहवाही छोड़ राहगीरों के लिए खाली करवाए फुटपाथ व सड़कें

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/9 जनवरी। लुधियाना की फिरोजगांधी मार्केट और कोर्ट कांप्लेक्स की बैक साइड पर ट्रैफिक के हालात इतने खस्ता हो चुके हैं कि लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम में फंसे रहना पड़ता है। यह मामला एक दिन का नहीं बल्कि रोजाना का है। लेकिन फिर भी ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के अफसर इस तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे। वहीं जाम में रोजाना फंसने वाले लोगों ने ट्रैफिक और निगम अफसरों को नसीहत देते हुए कहा कि वह सोशल मीडिया पर बड़े लीडरों के घर आने पर वैल्कम करने, जैबरा क्रासिंग समेत अन्य चीजों की वीडियो डालकर वाहवाही लूटने को छोड़कर जमीनीं हकीकत देखें, ताकि लोगों को चलने के लिए फुटपाथ और खाली सड़कें मिल सकें। फिरोजगांधी मार्केट और कोर्ट कांप्लेक्स की बैक साइड के हालात ऐसे हैं कि लोग कही भी वाहन खड़े करके चले जाते है और बाद में राहगीर जाम से जुझते रहते हैं।

### बुद्धिजीवियों की सलाह : पार्किंग के पैसे न होने पर फोर व्हीलर चालक घर से बाहर न निकाले वाहन



फिरोजगांधी मार्केट में फुटपाथ पर खड़ी कारों ने घेर रखी सड़क

### चार दिन पहले उठाई रेहड़ियां, फिर लगी

वहीं फिरोजगांधी मार्केट में पार्किंग ठेकेदार के फुटपाथ पर अवैध कब्जों से तो पूरा शहर वाकिफ है। निगम द्वारा उसे तो नहीं हटाया गया, लेकिन चार दिन पहले फुटपाथ पर रेहड़ियां जरुर उठा ली। हालांकि यह कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति थी। क्योंकि चार दिन बाद दोबारा से रेहड़ियां लग गई। चर्चा है कि ठेकेदार के अलावा, कुछ राजनेताओं और निगम के कई अफसरों को रेहड़ियां लगवाने पर मोटी कमाई होती है, इसी चक्कर में रेहड़ियां नहीं हटती।

### पार्किंग कारिंदे भी जमकर रॉन्ग पार्किंग करवा कर रहे कमाई

वहीं कोर्ट कांप्लेक्स की बैक साइड पर एक प्लॉट में चल रही पार्किंग के ठेकेदार द्वारा भी नियम तोड़कर जमकर कमाई की जा रही है। पार्किंग ठेकेदार के पास प्लॉट में कारें खड़ी करने की तो जगह नहीं है। जिसके चलते उसके कारिंदों द्वारा कारों को ग्लाडा और पूडा की खाली पड़ी जमीन और सड़क की साइडों पर खड़े करवाकर जमकर कमाई की जा रही है। कारों की रॉन्ग पार्किंग करके ही पार्किंग ठेकेदार रोजाना 10 से 15 हजार रुपए कमा रहा है।

### मारुति सुज़ुकी के शोरुम पास खड़े रहते है वाहन



बात करें फिरोजगांधी मार्केट की तो मारुति सुजुकी के शोरुम के पास सड़क पर ही लोग वाहन खड़े करके चले जाते हैं। सरेआम वहां व्हीकल सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं। जबकि वहीं पास में रेहड़ियां लगती है। लेकिन यह चीजें न तो वह ट्रैफिक पुलिस को दिखाई देते हैं और न ही नगर निगम को दिखते हैं। हालांकि पुलिस विभाग के कई अफसर व मुलाजिम कोर्ट में पेशी के लिए उसी रास्ते से गुजरते हैं। लेकिन फिर भी उन्हें यह इललीगल कार्य नहीं दिखाई देता। एक तरफ सड़क पर लोग वाहन खड़े करके चले जाते हैं, दूसरी तरफ पार्किंग ठेकेदार ने फुटपाथ पर गाड़ियां खड़ा रखी है। ऐसे में राहगीरों के निकलने के लिए महज 4 से 5 फीट जगह ही मिलती है। जिस कारण जाम लगता है।

### पार्किंग के पैसे न होने पर लोग घर से न निकाले कारें



वहीं शहर के कुछ समझदार लोगों द्वारा रॉन्ग पार्किंग और नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि अगर उनके पास पार्किंग के पैसे नहीं होते, तो वह अपनी कारें भी घर से न निकाले। लोगों का कहना है कि कुछ कंजूस लोग कारें तो खरीद लेते हैं, लेकिन पार्किंग के पैसे बचाते हैं। इसी चक्कर में वाहन सड़क पर खड़े कर देते हैं। जिसके चलते उक्त लोग पहले पार्किंग के पैसों का जुगाड़ करें और फिर फोर व्हीलर लेकर निकले। ऐसे ही कुछ लोगों की उदाहरण कोर्ट कांप्लेक्स की बैक साइड और फिरोजगांधी मार्केट में देखने को मिली।

# गोबर को लेकर अधिकारियों ने दिए सुझाव, ट्रीट कर पाउडर बेचकर निगम कमा सकता है प्रति महीना लाखों रुपए

## कारपोरेशन द्वारा 22 करोड़ का गोबर टेंडर लगाने का मामला

लुधियाना/यूटर्न/9 जनवरी। लुधियाना कारपोरेशन में गोबर लिफ्टिंग के लिए 22 करोड़ का टेंडर लगाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस भ्रष्टाचार और विवादों की भेंट चढ़ रहे टेंडर को लेकर चचाएं शुरू हो गई है। इस टेंडर को लेकर लुधियाना से लेकर चंडीगढ़ तक के उच्च अधिकारियों द्वारा अलग अलग सलाह भी दी जा रही है। उच्च अधिकारियों का कहना है कि गोबर एक आधुनिक खाद है। आज के समय में व्यापारी वर्ग द्वारा इस खाद का इस्तेमाल स्टार्टअप में किया जा रहा है। जबकि दूसरी तरफ निगम इस खाद को साइड करने के लिए ही 22 करोड़ तक का टेंडर लगाकर पैसा उड़ा रही है। वहीं लोगों ने सुझाव दिए हैं कि आज कल गोबर को ट्रीट करके जहां किसानों को खेतीबाड़ी के लिए इस्तेमाल करने को दिया जा सकता है, वहीं एक्सपर्ट करके अच्छा खासा पैसा भी कमाया जा सकता है। लेकिन पैसा कमाकर सरकार का खजाना भरने की जगह निगम अधिकारी अपनी जेब भरने के लिए चहेते ठेकेदारों को टेंडर दिलाने में जुटे हैं। वहीं अब देखना होगा कि निगम के ईमानदार अधिकारी इस टेंडर के हेरफेर को रोक सकेगें या नहीं।




### कम रेट पर टेंडर लेने को आगे आए लोग

*वहीं दो लोगों द्वारा पंजाब सरकार को पत्र भेजा गया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि कारपोरेशन द्वारा गोबर के लिए 22 करोड़ का टेंडर लगाया है। अगर कारपोरेशन सरकारी पैसा खर्च ही करना चाहती है तो वह उक्त टेंडर को 20 करोड़ में लेने के लिए तैयार है। जिसके चलते उन्होंने सरकार से मांग की है कि कम रेट पर टेंडर देने से सरकार को दो करोड़ का मुनाफा होगा। जिसके चलते अब इस पर विचार किया जा रहा है।*

### गोबर का पाउडर और पाथियां बनाकर बेच रहे हैं लोग

वहीं, बेशक लुधियाना कारपोरेशन के कई अफसरों की सोच सिर्फ टेंडर लगाकर सरकारी खजाना खाली करने तक सीमित है। लेकिन दूसरी तरफ कई राज्यों और यहां तक कि विदेशों में भी गोबर के पाउडर बनाकर बेचे जाते हैं। एक किलो पाउडर 200 से 300 रुपए तक बेचा जा रहा है। वहीं बात करें लुधियाना की तो शहर में ही ज्यादातर दुकानों पर गोबर की बनाई पाथी 10 से 20 रुपए प्रति पीस बेची जाती है। इसके बावजूद निगम अफसर इस खाद को फ्री में दे रहा हैं और यहां तक कि लिफ्टिंग के लिए भी करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं।

# टैंकर से बड़े गैस सिलेंडरों में हो रही थी शराब तस्करी, 131 पेटियां बरामद, 1 गिरफ्तार



लुधियाना/यूटर्न/9 जनवरी। लुधियाना के स्पेशल सैल ने कैंटर के जरिए बड़े सिलेंडरों में भरकर शराब की तस्करी करने जा रहे एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने आरोपियों से 131 पेटी शराब बरामद की है। मौके पर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसका पिछला रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। जानकारी मुताबिक स्पेशल सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर हरप्रीत सिंह देहल के नेतृत्व में थाना लाडोवाल क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक कैंटर को रोका गया। जांच के दौरान बिना कागजात के भारी मात्रा में अवैध शराब और अन्य सामग्री बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रकाश सिंह निवासी गांव जातो का वेहड़ा, तहसील सेवड़ा, थाना बाखासर, जिला बाड़मेर (राजस्थान) के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना लाडोवाल, लुधियाना में आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।आरोपी को अदालत में पेश कर 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पहले भी आबकारी एक्ट के तहत 4 मामले दर्ज हैं, जिनमें से 2 राजस्थान और 2 गुजरात में दर्ज हैं।

# कूड़े के डंप को लेकर कड़ाके की ठंड में सफाई सेवकों का धरना दूसरे दिन भी जारी, काम ठप का ऐलान



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/10 जनवरी। नगर काउंसिल जगराओं के तहत आने वाले इलाकों में कूड़े के रखरखाव और डंप के पक्के समाधान की मांग को लेकर सफाई सेवक यूनियन का रोष तीखा होता जा रहा है। आज लगातार दूसरे दिन भी सफाई सेवक और सीवरमैन कड़ाके की ठंड के बावजूद अपनी मांगों को लेकर धरने पर डटे रहे। धरने को संबोधित करते हुए सफाई सेवक यूनियन के जिला प्रधान अरुण गिल ने प्रशासन के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूनियन की ओर से कूड़े के स्थायी हल के लिए बार-बार लिखित अनुरोध किए गए, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि मजबूरी में उन्हें कड़कती ठंड में धरने पर बैठना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों से कर्मचारी खुले आसमान के नीचे बैठे हैं, लेकिन न तो कोई प्रशासनिक अधिकारी और न ही कोई जिम्मेदार राजनेता उनकी सुध लेने पहुंचा है। प्रधान अरुण गिल ने स्पष्ट ऐलान किया कि जब तक कूड़ा फेंकने और उसके रखरखाव के लिए जगह का पक्का इंतजाम नहीं किया जाता, तब तक कोई भी सफाई कर्मचारी या सीवरमैन काम पर नहीं जाएगा। इस मौके पर यूनियन के सेक्रेटरी राजेंद्र कुमार ने कहा कि शहर के मौजूदा खराब हालातों के लिए सीधे तौर पर प्रशासन और राजनेता जिम्मेदार हैं।

Uturn Time 10 Jan 2026_Page 1-4.qxd 09-01-2026 22:48 Page 4








# चंडीगढ़ में साइबर ठगी का नया तरीका, फर्जी ई-मेल से बैंक डिटेल बदलवाकर 15.38 लाख हड़पे

अजीत झा



चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। चंडीगढ़ में साइबर ठगों ने एक मेडिकल कारोबारी को निशाना बनाते हुए 15.38 लाख रुपये की बड़ी ठगी को अंजाम दिया है। ठगों ने कंपनी के नाम से मिलती-जुलती फर्जी ई-मेल आईडी तैयार कर बैंक खाता बदलने की झूठी सूचना दी और पूरी रकम अपने खाते में ट्रांसफर करवा ली। सेक्टर-38 निवासी संजीव सभरवाल ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेडिकल से जुड़ी फर्म का संचालन करते हैं। उनकी कंपनी का चेन्नई स्थित मोरुला हेल्थ टेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ कारोबारी लेन-देन चल रहा था, जिसके तहत 15,38,198 रुपये का भुगतान किया जाना था। पीड़ित के अनुसार 6 अक्टूबर 2025 को उन्हें एक ई-मेल प्राप्त हुआ, जो देखने में संबंधित कंपनी की आधिकारिक ई-मेल आईडी जैसी ही लग रही थी। मेल में दावा किया गया कि कंपनी का बैंक खाता बदल गया है और भविष्य के सभी भुगतान अब केनरा बैंक के नए खाते में किए जाएं। ई-मेल पर भरोसा करते हुए 17 अक्टूबर 2025 को पूरी राशि बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दी गई। लेकिन 23 अक्टूबर 2025 को जब चेन्नई स्थित कंपनी ने भुगतान न मिलने की जानकारी दी, तब संजीव सभरवाल को ठगी का एहसास हुआ। जब उन्होंने ई-मेल आईडी और बैंक खाते की जानकारी साझा की तो स्पष्ट हो गया कि साइबर ठगों ने फर्जी ई-मेल के जरिए रकम हड़प ली है। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि फर्जी ई-मेल आईडी, बैंक खाते और ट्रांजैक्शन डिटेल्स के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस गिरोह ने इसी तरह की ठगी अन्य कारोबारियों से भी की है या नहीं। पुलिस ने कारोबारियों से अपील की है कि बैंक खाता बदलने जैसी सूचनाओं की पुष्टि फोन या आधिकारिक माध्यम से जरूर करें, ताकि इस तरह की साइबर ठगी से बचा जा सके।

# क्राइम ब्रांच ने 2 चोर दबोचे, चोरीशुदा सिलेंडर व वारदात में प्रयोग ऑटो बरामद कर जेल भेजा



पंचकूला, यूटर्न, 09 जनवरी। पंचकूला जिले में संपत्ति अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में एक और सफलता हासिल करते हुए पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने सिलेंडर चोरी की वारदात को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि दिनांक 12 दिसंबर को पंचकूला निवासी एक शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसने सैक्टर-12 ए, पंचकूला के सामने गैस भरवाने के लिए कुछ सिलेंडर रखे हुए थे। किसी निजी कार्य से कुछ समय के लिए वहां से जाने के बाद जब वह वापस लौटा तो उसके सिलेंडर चोरी हो चुके थे। शिकायत के आधार पर थाना सैक्टर-14 पंचकूला में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए दिनांक 8 जनवरी को दो आरोपियों आशीष मलिक और प्रवीन सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी पंजाब के मोहाली जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए दो गैस सिलेंडर तथा वारदात में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद कर लिया है। बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों को 8 जनवरी को ही न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पंचकूला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने सामान की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# ब्लैसिंग लग्जूरियाः पंजाब का पहला दुबई-स्टाइल ओपन-एयर लग्जरी कमर्शियल हब

लुधियाना, यूटर्न, 9 जनवरी। वेस्टर्न लिविंग प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी हिमांशु क्वात्रा की अध्यक्षता में साउथ सिटी बायपास रोड स्थित ब्लैसिंग लग्जूरिया प्रोजेक्ट साइट पर रियालटर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लुधियाना व आसपास के क्षेत्रों से आए रियालटर्स ने प्रोजेक्ट साइट का निरीक्षण किया और तेजी से चल रहे निर्माण कार्य की सराहना की।

रियालटर्स ने कहा कि भीषण गर्मी और सर्दी की परवाह किए बिना 247 चल रहा निर्माण कार्य अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने विश्वास जताया कि ब्लैसिंग लग्जूरिया आने वाले समय में न केवल पंजाब बल्कि अन्य राज्यों के लोगों के लिए भी शॉपिंग, मनोरंजन और लाइफस्टाइल का प्रमुख डेस्टिनेशन बनेगा।

इस अवसर पर हिमांशु क्वात्रा ने सर्वप्रथम गुरु जी की ब्लैसिंग का शुक्राना करते हुए कहा कि किसी भी बड़े प्रोजेक्ट की सफलता में रियालटर्स की कड़ी मेहनत और विश्वास की अहम भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि 18.5 एकड़ में विकसित हो रहा ब्लैसिंग लग्जूरिया पंजाब का अब तक का सबसे बड़ा ओपन-एयर लग्जरी कमर्शियल प्रोजेक्ट होगा, जिसे Dubai और यूरोपीय देशों की भव्यता से प्रेरित होकर तैयार किया जा रहा है।



## अंतरराष्ट्रीय डिजाइन, हर उम्र के लिए अनुभव

हिमांशु क्वात्रा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के फ्रंट एलिवेशन Paris, Milan, Moanco, Monte Carlo और Venice जैसे विश्व-प्रसिद्ध लग्जरी डेस्टिनेशन्स की थीम पर आधारित होंगे। उन्होंने कहा कि ब्लैसिंग लग्जूरिया को एक 'एवरीडे फेस्टिवल डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां टॉडलर्स से लेकर युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों तक हर आयु वर्ग के लिए कुछ न कुछ विशेष होगा। प्रोजेक्ट में फाइन डाइन रेस्टोरेंट्स, कैफे और बिस्ट्रोज, क्लब्स, पब्स व बार्स के साथ-साथ वेडिंग वियर, एथनिक वियर, ज्वेलरी, फुटवियर, वॉचेज, सनग्लासेस और अन्य नेशनल व इंटरनेशनल लाइफस्टाइल ब्रांड्स के शोरूम शामिल होंगे। इसके अलावा फिटनेस और वेलनेस स्टोर्स, सैलून व स्पा, होम डेकोर, क्रॉकरी, इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर्स, ग्रॉसरी स्टोर्स और हाइपरमार्केट्स भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। मनोरंजन के लिए मल्टीप्लेक्स सिनेमा, फैमिली एंटरटेनमेंट जोन, बच्चों के लिए विशाल इनडोर गेम जोन और ओपन-एयर किड्स गेम जोन विकसित किए जाएंगे, जिससे यह प्रोजेक्ट पूरे परिवार के लिए एक सम्पूर्ण डेस्टिनेशन बनेगा। प्रोजेक्ट के आर्किटेक्ट हफीज कॉन्ट्रैक्टर (मुंबई) हैं। डिजाइन आर्किटेक्ट जफर चौधरी, लैंडस्केप आर्किटेक्ट पीएलए लैंडस्केप (बैंकॉक) तथा लाइटिंग कंसल्टेंट सरवदीप बसुर इसे एक आइकॉनिक पहचान देने में जुटे हुए हैं।

## दुबई-स्टाइल वॉटर बॉडी व म्यूज़िकल फाउंटेन होंगे आकर्षण

ब्लैसिंग लग्जूरिया में विभिन्न देशों की थीम पर आधारित शोरूम फ्रंट एलिवेशन तैयार किए जा रहे हैं। बुटीक कियोस्क प्रोजेक्ट की खूबसूरती को और निखारेंगे। दुबई की तर्ज.पर भव्य वॉटर बॉडी, म्यूज़िकल फाउंटेन और विशेष लैंडस्केप डिजाइन इसे एक अलग पहचान देंगे।

# फोकल प्वाइंट में अवैध कब्जे की साज़िश बेनकाब, एटीआईयू की तत्परता से बची जमीन



लुधियाना, यूटर्न, 09 जनवरी। फोकल प्वाइंट के फेज-श्कस्थित गणपति चौक पर प्राइम भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश को एसोसिएशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (एटीआईयू) के कार्यकारी सदस्यों ने समय रहते नाकाम कर दिया। बताया गया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इस भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया गया, जिसे एटीआईयू के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर कड़ा विरोध जताते हुए रोक दिया। घटना के बाद एटीआईयू की कार्यकारी समिति ने पुलिस कमिश्नर और नगर निगम (एमसीएल) कमिश्नर को इस संबंध में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आशंका जताई गई है कि संबंधित तत्व दोबारा, विशेषकर रात या अन्य विषम समय में, भूमि पर कब्जे की कोशिश कर सकते हैं। एटीआईयू ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त स्थान पर सख्त निगरानी रखी जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी विभागों को किसी भी राजनीतिक दबाव में आए बिना कानून के अनुसार कार्य करना चाहिए।

# परिधीय क्षेत्रों के विकास पर प्रशासक सलाहकार परिषद की स्थायी समिति की समीक्षा बैठक



चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। चंडीगढ़ के परिधीय (पेरिफेरल) क्षेत्रों के समग्र और सुनियोजित विकास को लेकर प्रशासक सलाहकार परिषद की स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शुक्रवार को नगर निगम चंडीगढ़ के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता स्थायी समिति के चेयरमैन सुभाष चावला ने की। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों के साथ-साथ नगर निगम चंडीगढ़ के सचिव एवं समिति के सदस्य सचिव हिमांशु गुप्ता तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परिधीय क्षेत्रों से जुड़े विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में सुनियोजित बुनियादी ढांचे का विकास, नागरिक सुविधाओं को मजबूत करना, स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, जल निकासी व्यवस्था, सड़क संपर्क और आवश्यक जन सेवाओं की उपलब्धता शामिल रही। इसके अलावा सतत विकास प्रथाओं को अपनाने और संतुलित शहरी विस्तार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया गया।

चेयरमैन सुभाष चावला ने कहा कि परिधीय क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को देखते हुए एकीकृत और व्यावहारिक विकास दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। उन्होंने विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि स्थानीय नागरिकों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके। बैठक के अंत में संबंधित विभागों को आपसी समन्वय और मजबूत करने, समयबद्ध विकास योजनाएं तैयार करने तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के स्पष्ट निर्देश दिए गए। समिति का उद्देश्य परिधीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना और चंडीगढ़ व आसपास के इलाकों में समावेशी एवं सतत विकास सुनिश्चित करना है।

Uturn Time 10 Jan 2026_Page 1-4.qxd 09-01-2026 22:48 Page 5





पेज 08 जगराओं के आढ़तियों ने पंजाब भाजपा...

# बल्क वेस्ट मैनेजमेंट व फायर सेफ्टी पर एमसी कमिश्नर सख्त, नियम उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस



चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एमएसडब्ल्यू) नियम, 2016 और स्वच्छता दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने बल्क वेस्ट मैनेजमेंट और फायर सेफ्टी को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने की। बैठक में जॉइंट कमिश्नर, मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ सहित निगम के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कचरे के स्रोत पर ही पृथक्करण, बल्क कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण तथा नागरिक और कानूनी सुरक्षा मानकों के सख्त पालन पर विशेष जोर दिया गया।

आयुक्त अमित कुमार ने स्पष्ट किया कि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों, रिहायशी परिसरों और अधिक मात्रा में कचरा उत्पन्न करने वाले सभी बल्क वेस्ट जेनरेटरों के लिए निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित इकाइयां 100 प्रतिशत कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करें, आवश्यक रिकॉर्ड अपडेट रखें और एमएसडब्ल्यू नियम, 2016 का सख्ती से अनुपालन करें। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने दो टूक कहा कि खाली प्लॉटों या खुले स्थानों पर कचरा फेंकना पूरी तरह प्रतिबंधित है और इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शहर की फायर सेफ्टी तैयारियों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने फायर फाइटिंग उपकरणों की नियमित जांच, समय पर अपडेट, सिस्टम को पूर्ण रूप से कार्यशील रखने और कर्मचारियों के लिए जागरूकता व डेमो सेशन आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही एक्सपायर्ड या असुरक्षित सामग्री के भंडारण पर रोक और विद्युत प्रणालियों की नियमित जांच पर भी बल दिया। इसके अलावा विज्ञापन अधिनियम के तहत नियमों के पालन को लेकर भी सख्ती के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि तय स्थानों और दिशा-निर्देशों के अनुसार ही विज्ञापन लगाए जाएं, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

संबंधित विभागों को निरीक्षण अभियान तेज करने, जमीनी स्तर पर नियमों के पालन को सुनिश्चित करने और निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम ने शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और नियमों के अनुरूप बनाए रखने के लिए सभी हितधारकों से सहयोग की अपील की है।

# मनीमाजरा मोटर मार्केट में खड़ी कार से मिला युवक का शव, ठंड और नशे से मौत की आशंका

अजीत झा



चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। मनीमाजरा मोटर मार्केट में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कार के भीतर सो रहे युवक की मौत की खबर सामने आई। शोरूम नंबर-387 के सामने खड़ी स्विफ्ट कार में मिले शव की पहचान 35 वर्षीय संतलाल के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गांव कलवारी का निवासी था।संतलाल पेशे से ढाबे पर काम करता था और काम खत्म होने के बाद अक्सर आसपास ही सो जाया करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, वीरवार रात संतलाल ने शराब का सेवन किया था और उसके बाद मोटर मार्केट में खड़ी एक स्विफ्ट कार में बैठकर सो गया। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे कार मैकेनिक अजीत जब कार में बैठने पहुंचा तो दरवाजा खोलते ही अंदर संतलाल बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। अजीत ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और संतलाल के रिश्तेदारों को दी।मौके पर पहुंची मनीमाजरा थाना पुलिस ने जांच के बाद संतलाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे उसके चाचा मुकेश ने बताया कि संतलाल तीन बच्चों का पिता था उसके दो बेटे और एक बेटी हैं, जो गांव में रहते हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि अत्यधिक शराब सेवन और कड़ाके की ठंड के चलते उसकी मौत हुई होगी। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जरूरी सैंपल एकत्र किए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।


# संजीव अरोड़ा को लोकल बॉडी मंत्रालय मिलने से जनता में खुशी, उनसे जनता को कई उम्मीदें



जैसमीन कौर




रसलीन कौर



साहिबा कौर



पवन ठाकुर



संदीप गाबा



संजीव पारस

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 9 जनवरी। पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को इंडस्ट्री और बिजली विभाग के साथ साथ लोकल बॉडी मंत्रालय मिलने से जनता खुश है और उनको यह विभाग मिलने से जनता को उनसे काफी उम्मीदें है कि वह पंजाब के विकास के साथ साथ अपने होम टाउन लुधियाना का भी खूब विकास करेंगे और पंजाब के विकास पुरुष बनेंगे। जनता का कहना है कि संजीव अरोड़ा को लोकल बॉडी विभाग मिलने से जनता को नगर निगम में आ रही परेशानियों से निजात मिलेगी, क्योंकि उनकी दूरदर्शी सोच नगर निगम कार्यालयों में काफी सुधार कर सकती है। संजीव अरोड़ा को लोकल बॉडी मंत्रालय मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मिनर्वा मार्किट वैल्फेयर सोसायटी के महासचिव संजीव पारस और डिजाइनर जैसमीन कौर ने कहा कि संजीव अरोड़ा एक ईमानदार और मेहनती नेता हैं और वह जमीनी स्तर तक काम को जांच कर पूरी गहराई से करते हैं। ऐसे नेता को यह प्रमुख मंत्रालय मिलने से आम जनता को नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी, वहीं जनता को आ रही परेशानियों का समाधान मिलेगा। उम्मीद है कि नगर निगम में अपने कामों के लिए जनता को बार बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि वह जनता की सुविधाओं के लिए विशेष प्रयत्न कर सकते हैं।

जेसीआई एनजीओ की रसलीन कौर और साहिबा कौर ने कहा कि जनता को उम्मीद है कि संजीव अरोड़ा को यह मंत्रालय मिलने से शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण से जनता को निजात मिलेगी। जिससे ट्रैफिक की समस्या का भी समाधान होगा तथा बाजारों में ट्रैफिक जाम लगने कम हो जाएंगे।

समाज सेवक पवन ठाकुर और संदीप गाबा ने कहा कि इसके साथ साथ हर एरिया में वेंडिंग जोन बनाए जाएं ताकि हर एरिया में लोगों को जरूरी सुविधाओं की वस्तुएं आसानी से मिल सकें तथा लोगों को रोजगार भी मिलता रहे। इसके अलावा शहर के पार्कों की दशा में भी सुधार आए और पार्कों का सौंदर्यकरण हो सके। शहर के हर इलाके की सड़कें और गलियां को नयापन मिल सके।

जनता का कहना है कि मंत्री संजीव अरोड़ा जैसे बिजली विभाग और इंडस्ट्री के लिए दिन रात एक कर इनकी बेहतरी के लिए मेहनत कर रहे हैं वैसे ही लोकल बॉडी विभाग में जनता की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे और पंजाब खासकर लुधियाना को सुंदर बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत बलौंगी पुलिस की कार्रवाई, एक युवक काबू



मोहाली, यूटर्न, 09 जनवरी। मोहाली में नशे के खिलाफ चल रहे 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत बलौंगी पुलिस ने एक और कार्रवाई करते हुए एक युवक को नशे की हालत में काबू किया है।मोहाली एसएसपी हरमनदीप सिंह के अनुसार और उप कप्तान पुलिस सब-डिवीजन (खरड़-1) करन सिंह संधू की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। इंस्पेक्टर पेरीविंकल ग्रेवाल, मुख्य अधिकारी थाना बलौंगी की निगरानी में पुलिस टीम गश्त व चेकिंग पर थी।इस दौरान पुलिस टीम ने दुलट रिजॉर्ट के पास एक युवक सिमरनजीत सिंह उर्फ सिमी, पुत्र हरिंदर सिंह, निवासी गांव बलोमाजरा को संदिग्ध हालत में खड़ा पाया। युवक के नशे में होने का शक होने पर उसे काबू कर डोप टेस्ट कराया गया, जो पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा नंबर 15 दिनांक 08.01.2026 को धारा 27-61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना बलौंगी, जिला एस.ए.एस. नगर में दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नशे से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सरकारी अस्पताल में इलाज से पहले आभा ऐप पर पंजीकरण अनिवार्य



डेराबस्सी, यूटर्न, 09 जनवरी। यदि आप सरकारी अस्पताल में इलाज कराने जा रहे हैं तो यह जानकारी आपके लिए बेहद जरूरी है। अब आयुष्मान भारत योजना के तहत आभा (ABHA) ऐप पर पंजीकरण कराना अनिवार्य किया जा रहा है। बिना आभा ऐप पर रजिस्ट्रेशन के सरकारी अस्पताल में पर्ची बनवाने में दिक्कत आ सकती है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। डेराबस्सी के सिविल अस्पताल में भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों को तेजी से आभा ऐप से जोड़ा जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल अस्पताल डेराबस्सी के एसएमओ डॉ. धर्मिंदर सिंह ने बताया कि मरीज को इलाज से पहले आभा ऐप पर रजिस्टर होना जरूरी है। यह पूरी प्रक्रिया करीब पांच मिनट में पूरी हो जाती है। डॉ. धर्मिंदर सिंह ने बताया कि आभा ऐप के माध्यम से मरीज घर बैठे ही अस्पताल जाने से लगभग एक घंटा पहले अपना टोकन बुक कर सकता है। इससे अस्पताल में लंबी लाइनों में खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ती और समय की भी बचत होती है। उन्होंने कहा कि आभा ऐप से मरीज के सभी रोगों और इलाज से संबंधित रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहते हैं। मरीज को किसी भी तरह की फाइल या कागजात संभालकर रखने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने आगे बताया कि देश के किसी भी हिस्से में जाने पर भी किसी भी सरकारी अस्पताल में इस ऐप के जरिए इलाज संभव है। एसएमओ ने बताया कि डेराबस्सी क्षेत्र में अब तक करीब 25 प्रतिशत लोग आभा ऐप पर पंजीकरण करवा चुके हैं। शेष लोगों से भी अपील की जा रही है कि वे समय रहते आभा ऐप से जुड़ जाएं, ताकि भविष्य में इलाज के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

Uturn Time 10 Jan 2026_Page 1-4.qxd 09-01-2026 22:48 Page 6



# हरियाणा MC चुनावः पंचकूला, अंबाला, सोनीपत में BJP और कांग्रेस ने MC चुनावों के लिए कमर कसी

चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में नगर निगम (MC) चुनाव नजदीक आने के साथ ही, भारतीय जनता पार्टी (BJP) और कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं, जिससे हरियाणा में शहरी राजनीतिक लड़ाई के लिए जमीन तैयार हो गई है।

शहरी स्थानीय निकायों में अपना दबदबा बनाए रखने के मकसद से, BJP ने सभी वार्डों में अपनी संगठनात्मक मशीनरी और आउटरीच कार्यक्रमों को बेहतर बनाना शुरू कर दिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि उनका ध्यान पिछले कुछ सालों में किए गए विकास कार्यों, बेहतर नागरिक बुनियादी ढांचे और कल्याणकारी योजनाओं को उजागर करने पर होगा।

हरियाणा BJP अध्यक्ष मोहन लाल बडोली कहते रहे हैं कि पार्टी आत्मविश्वास के साथ नगर निगम चुनाव लड़ेगी, और उनका दावा है कि शहरी मतदाताओं को पारदर्शी शासन और लगातार विकास से फायदा हुआ है।

बडोली ने कहा, पंचकूला, अंबाला और सोनीपत जैसे शहरों में लोगों ने बुनियादी ढांचे और नागरिक सेवाओं में साफ सुधार देखा है। BJP इन चुनावों में अपने काम और जनता के भरोसे के आधार पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस, शहरी क्षेत्रों में अपनी पकड़ फिर से मजबूत करने की कोशिश में है, और MC चुनावों को




स्थानीय नागरिक मुद्दों को उठाने और मतदाताओं से फिर से जुड़ने के अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी नेताओं ने वार्ड स्तर पर कार्यकताओं को जुटाना शुरू कर दिया है, जिसमें स्वच्छता, बढ़ते संपत्ति कर, ट्रैफिक जाम और तेजी से बढ़ते शहरी केंद्रों में अपर्याप्त नागरिक योजना पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

हरियाणा के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनावों को औपचारिकता के तौर पर नहीं, बल्कि निवासियों के लिए सत्ताधारी पार्टी को जवाबदेह ठहराने के मौके के तौर पर देखा जाना चाहिए।

राव ने कहा, ये चुनाव लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं के बारे में हैं - पानी की सप्लाई, साफ-सफाई, सड़कें और नगर निकायों में बेरोकटोक भ्रष्टाचार। कांग्रेस इन चुनावों में स्थानीय मुद्दों पर लड़ेगी और नागरिकों को एक मजबूत विकल्प देगी।

पंचकूला में, जो एक नियोजित शहर है और जहां बड़ी संख्या में मध्यम वर्ग की आबादी है, पार्किंग, जल निकासी, हरित क्षेत्र और ट्रैफिक प्रबंधन जैसे मुद्दों पर चर्चा हावी रहने की उम्मीद है। अंबाला में, जहां छावनी और नागरिक क्षेत्रों का अनूठा मिश्रण है, वहां नागरिक समन्वय और व्यापारियों की चिंताओं पर बहस होने की संभावना है। सोनीपत में, तेजी से शहरीकरण के कारण पानी की सप्लाई, कचरा प्रबंधन और सड़क संपर्क मतदाताओं की मुख्य चिंताओं में सबसे आगे आ गए हैं। हालांकि छोटे दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों के कुछ वार्डों में चुनाव मैदान में उतरने की उम्मीद है, लेकिन मुकाबला मुख्य रूप से इखढ और कांग्रेस के बीच दो-तरफा लड़ाई के रूप में आकार ले रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ये नतीजे राज्य में भविष्य के चुनावों से पहले शहरी वोटरों के मूड और संगठनात्मक ताकत का एक अहम संकेत देंगे।

जैसे-जैसे उम्मीदवारों का चयन और चुनाव प्रचार तेज हो रहा है, पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में MC चुनाव सामान्य नगर निगम चुनावों से आगे बढ़कर होने वाले हैं, क्योंकि दोनों पार्टियां नतीजों से बड़े राजनीतिक संकेत लेना चाहती हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों में हैट्रिक जीत से उत्साहित होकर, BJP ने पिछले साल की शुरूआत में पंचकूला, अंबाला और सोनीपत सहित 10 में से नौ MCs में जीत हासिल की थी।

## किसानों के संगठन ने MSP की मांग दोहराई, कश्मीर से कन्याकुमारी तक देशव्यापी मार्च का ऐलान

चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। SKM (गैर-राजनीतिक) के बैनर तले किसान यूनियनों ने बुधवार को हुई कई अहम बैठकों के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर कानूनी गारंटी के लिए अपना आंदोलन तेज कर दिया है। सबसे ताजा बैठक पंचकूला में हाई कोर्ट के निर्देश पर बनी एक कमेटी के साथ हुई, जबकि नेताओं ने देशव्यापी किसान मार्च की योजनाओं पर जोर दिया और लंबित कृषि मुद्दों पर केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ाया।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनुसार, कल दिल्ली में SKM (गैर-राजनीतिक) की एक अहम बैठक हुई, जिसमें कई राज्यों के किसानों ने हिस्सा लिया। बैठक में MSP के लिए कानूनी गारंटी, किसानों के लिए मुआवजा और बिजली संशोधन बिल पर चिंताओं सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। डल्लेवाल ने ऐलान किया कि फरवरी के पहले हफ़्ते में किसान कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक बड़ा जागरूकता मार्च निकालेंगे, जिसका मकसद देश भर के किसानों को एकजुट करना है। यह मार्च 19 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में खत्म होगा, जहां एक बड़ी रैली की योजना है।

इस बीच, आज पंचकूला में हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी के साथ हुई बैठक में, कमेटी के प्रमुख जस्टिस नवाब ने कहा कि उनकी जांच में पाया गया कि खनौरी और शंभू बॉर्डर पर सड़कें किसानों ने नहीं, बल्कि प्रशासन और सरकार ने ब्लॉक की थीं, जिससे उन आधिकारिक दावों का खंडन होता है कि प्रदर्शनकारियों ने ट्रैफिक बाधित किया था। डल्लेवाल ने यह भी कहा कि संसदीय समिति के सदस्यों और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के साथ एक बैठक होगी, जिन्होंने सिफारिश की है कि किसानों को कानून बनाकर MSP सुरक्षा दी जाए। हरियाणा के किसान नेता अभिमन्यु कोहर ने कहा कि किसानों ने पंचकूला में कमेटी के सामने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, हमने कमेटी के सामने MSP की मांग साफ तौर पर रखी, और कहा कि किसानों को सिर्फ.आश्वासनों के बजाय ठोस कार्रवाई की उम्मीद है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### सभी शक्तिशाली देशों की आपसी आन और अहंकार का शिकार कौन ?

आज की दुनिया में शक्तिशाली देशों की आपसी आन, अहंकार और वर्चस्व की लड़ाई ने आम जनता को युद्ध की आग में झोंक दिया है। सत्ता के शिखर पर बैठे नेता अपने हितों, सीमाओं और प्रभुत्व को साबित करने के लिए हथियारों का सहारा लेते हैं, लेकिन इसका सबसे बड़ाखामियाजा निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ता है। युद्ध कभी भी आम आदमी की इच्छा से नहीं होता, फिर भी वही इसकी सबसे बड़ी कीमत चुकाता है।

देशभक्ति के नाम पर जनता से त्याग की उम्मीद की जाती है। बढ़ती महंगाई, रोजगार की कमी, बमों की गूंज, गोलियों की बारिश और घर-बार छोड़ने का दर्द आम लोगों की नियति बन जाता है। बच्चों की पढ़ाई छिन जाती है, परिवार उजड़ जाते हैं और भविष्य अंधकारमय हो जाता है। सवाल यह है कि क्या कोई आम जनता के दर्द को सच में समझता है ? युद्ध की रणनीतियाँ वातानुकूलित कमरों में बनती हैं, लेकिन उनके परिणाम झुग्गियों, खेतों और गलियों में दिखाई देते हैं। शांति कीबातें मंचों पर होती हैं, पर जमीन पर हिंसा जारी रहती है। जरूरत इस बात की है कि शक्तिशाली देश संवाद, सहयोग और मानवता को प्राथमिकता दें। जब तक आम जनता की पीड़ा को केंद्र में नहीं रखा जाएगा, तब तक युद्ध जीत किसी की नहीं होगी, हार केवल इंसानियत की ही होगी।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Traffic Accident के बाद Insurance Claim करते समय क्या ध्यान रखें ?**

सड़क दुर्घटना के बाद नुकसान केवल वाहन का नहीं होता, बल्कि सही Insurance Claim न करने से आर्थिक और मानसिक परेशानी भी बढ़ जाती है। कई लोग जल्दबाजी में या जानकारी के अभाव में ऐसी गलतियाँ कर बैठते हैं, जिनका असर बाद में क्लेम रिजेक्ट होने के रूप में सामने आता है।

दुर्घटना के बाद सबसे पहले स्थिति को संभालना और आवश्यक सूचना देना जरूरी होता है। अगर मामला गंभीर है या किसी प्रकार का विवाद है, तो पुलिस को जानकारी देना सुरक्षित रहता है। कई बार लोग सोचते हैं कि छोटी दुर्घटना में पुलिस की जरूरत नहीं, लेकिन बाद में Insurance Company आवश्यक दस्तावेज मांगती है, जिससे परेशानी बढ़ जाती है।

Insurance Claim करते समय दुर्घटना की जानकारी समय पर देना बहुत महत्वपूर्ण है। देर से दी गई सूचना पर अक्सर सवाल उठते हैं। वाहन की स्थिति, नुकसान और घटनास्थल का रिकॉर्ड रखना मददगार होता है। बिना मरम्मत शुरू किए Insurance Company की प्रक्रिया पूरी होने देना ही सही तरीका माना जाता है।

एक आम गलती यह भी होती है कि लोग मौके पर ही जल्दबाजी में अपनी गलती स्वीकार कर लेते हैं या लिखित में कुछ दे देते हैं। ऐसा करना बाद में उ॑ को कमजोर कर सकता है। Claim प्रक्रिया में सच्चाई और स्पष्टता जरूरी है, लेकिन अनावश्यक स्वीकारोक्ति से बचना भी उतना ही अहम है।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि Insurance Claim केवल औपचारिकता नहीं है। सही दस्तावेज, सही जानकारी और सही समय—इन तीनों का संतुलन क्लेम को मजबूत बनाता है। अधूरी या गलत जानकारी आगे चलकर भुगतान में देरी या अस्वीकृति का कारण बन सकती है।

निष्कर्ष : Insurance Claim में सबसे बड़ी गलती जल्दबाजी और लापरवाही होती है। दुर्घटना के बाद शांति, सही सूचना और प्रक्रिया का पालन करने से न केवल क्लेम सुरक्षित रहता है, बल्कि अनावश्यक कानूनी और आर्थिक परेशानियों से भी बचा जा सकता है। जागरूकता ही सबसे अच्छा बीमा है।

# मां बगलामुखी सृष्टि की सर्वशक्तिमान देवी : बाबा बालक नाथ जी

### 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक आयोजित होगा 243 घंटे का अखंड महायज्ञ





लुधियाना, यूटर्न, 09 जनवरी । मां बगलामुखी धाम पक्खोवाल रोड़ में 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का आयोजन मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत प्रवीण जी के सानिध्य में हो रहा है । 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक आयोजित होने वाले अखंड महायज्ञ को लेकर गणमान्यों को भाव सहित मां का बुलावा ( निमंत्रण ) भेंट किए जा रहे है इसी कड़ी के तहत मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत जी विधायक महंत बालकनाथ योगी जी ( बाबा बालक नाथ जी) को अखंड महायज्ञ का निमंत्रण भेंट किया । निमंत्रण स्वीकार करते हुए बाबा बालक नाथ जी ने कहा कि मां बगलामुखी को सृष्टि की सर्वशक्तिमान देवी बताते हुए कहा कि मां बगलामुखी भक्तों को स्पष्ट दिशा, शक्ति और बाधाओं पर विजय दिलाती हैं, और जीवन में सफलता व शांति प्रदान करती हैं । अखंड महायज्ञ की जानकारी देते हुए महंत प्रवीण जी ने कहा कि महायज्ञ विश्व में सदभावना का संदेश पंहुचाएगा। वहीं लगातार मंत्रोच्चारण ध्वनि के साथ 243 घंटे तक लगातार आहुतियां डालने से वातावरण भी शुद्ध होगा। उन्होने कहा कि देश-विदेश से सदभावना प्रेमी खुद भी यज्ञ में आहुतियां डालें व अपने मित्र परिवारों तक भी आखंड यज्ञ का संदेश पंहुचा कर सदभावना का संदेश दे।

**मां बगलामुखी धाम में हवन यज्ञ में आहुतियां डालने से नकारात्मक शक्तियों होता है नाश : महंत प्रवीण जी...**लुधियाना । मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत प्रवीण जी के सानिध्य में सर्वकष्ट निवारण यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने आहूतिया डालकर मां बगलामुखी के चरणों में सभी कष्ट हरने की प्रार्थना की । धाम के सेवको ने मां बगलामुखी का गुणगान कर सभी को भाव विभोर किया ।मां बगलामुखी धाम में सच्चे मन से हवन यज्ञ में आहुतियां डालने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है । वही भक्त के हर तरफ सकात्मक उर्जा का संचार होता है ।

## 20 रुपये की पानी की बोतल पर 55 रुपये वसूली, रेस्टोरेंट को राज्य उपभोक्ता आयोग ने लगाई सजा




चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। राज्य उपभोक्ता आयोग ने सेक्टर-17 स्थित गजल रेस्टोरेंट को सेवा में लापरवाही और एमआरपी उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए ग्राहक के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। आयोग ने रेस्टोरेंट को आदेश दिया कि वह 20 रुपये की मिनरल वाटर की बोतल के लिए ग्राहक से वसूली गई अतिरिक्त राशि लौटाए और 3,000 रुपये का हजार्ना अदा करे। न्यू चंडीगढ़ की इशिता खन्ना 12 दिसंबर 2023 को रेस्टोरेंट में डिनर के लिए गई थीं। उनका बिल 1,922 रुपये आया, जिसमें एक बोतल पैकेज्ड पानी के लिए 55 रुपये चार्ज किए गए। जबकि उसी बोतल की एमआरपी केवल 20 रुपये थी। ग्राहक ने रेस्टोरेंट स्टाफ से इस बारे में शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। इसके बाद इशिता ने जिला उपभोक्ता आयोग में याचिका दायर की, जिसे खारिज कर दिया गया।

Uturn Time 10 Jan 2026_Page 1-4.qxd 09-01-2026 22:49 Page 7



# ब्रेजा गाड़ी में हेरोइन बेचते महिला समेत दो काबू

## नशीली गोलियों और नशा करते युवक सहित 3 अन्य गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/9 जनवरी। जिला लुधियाना ग्रामीण पुलिस द्वारा नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जहां हेरोइन सहित एक औरत और पुरुष को काबू किया है, वहीं नशीली गोलियां बेचने वाले दो व्यक्तियों और नशा करने वाले एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। पहले मामले में थाना सिधवां बेट के एएसआई गुरसेवक सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी सहित संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए पुल नहर सिधवां बेट पर मौजूद थे। इस दौरान सूचना मिली कि बलजीत सिंह निवासी खुरशैदपुरा और सुखविंदर कौर निवासी हम्बड़ा मिलकर हेरोइन बेचने का धंधा करते हैं। सूचना मिली थी कि आज भी ये दोनों अपनी ब्रेजा गाड़ी में दाना मंडी सिधवां बेट में ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रेड की और दोनों को 10 ग्राम हेरोइन सहित मौके पर काबू कर लिया।



### नशा करता युवक रंगे हाथों काबू

थाना सदर के इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने बताया कि उन्हें गश्त के दौरान सेम नाले के पास झाड़ियों में एक युवक नशा करता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने हाथ में पकड़ा सामान फेंक दिया। पुलिस ने उसे मौके पर काबू किया, जिसकी पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लक्की निवासी दाखा के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### बुजुर्ग व्यक्ति और युवक नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार

दूसरी तरफ, थाना जोधां के हवलदार जसपाल सिंह ने बताया कि नारंगवाल रोड टी-प्वाइंट बल्लोवाल पर नाकाबंदी के दौरान सूचना के आधार पर जीत सिंह (66) पुत्र माईदत्ता सिंह निवासी दोलो कलां को काबू किया। आरोपी नारंगवाल नहर की पटरी पर बैठकर नशीली गोलियां बेच रहा था, जिसके पास से 70 नशीली गोलियां बरामद हुई। इसी तरह थाना सिटी जगराओं के एएसआई रणधीर सिंह ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुनीत निवासी नजदीक पीर बाबा लालावाला को काबू किया। कथित आरोपी पुलिया सूआ मेन रोड के पास बैठकर ग्राहकों को गोलियां बेच रहा था, जिसके पास से 30 नशीली गोलियां बरामद की गई।

# पंजाब के एतिहासिक बठिंडा प्रीमियर लीग का भव्य आगाज 12 जनवरी से, बॉलीवुड-क्रिकेट सितारों का होगा महासंगम

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/9 जनवरी। पंजाब के दिल कहे जाने वाले बठिंडा शहर में पहली बार खेल, मनोरंजन और नशा विरोधी जनआंदोलन का ऐतिहासिक संगम देखने को मिलेगा। डायनेमिक और एनर्जेटिक मेयर पदमजीत सिंह मेहता की अगुवाई में, पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री भगवंत मान के रंगला पंजाब के विजन तथा आम आदमी पार्टी के कन्वीनर अरविंद केजरीवाल की सकारात्मक सोच के तहत शुरू की गई ह्ययुद्ध नशेयां विरुद्धह्न मुहिम के अंतर्गत बठिंडा प्रीमियर लीग का आयोजन बठिंडा में बड़े स्तर पर किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने बताया कि 12 जनवरी को शाम 5 बजे बठिंडा के शहीद भगत सिंह मल्टीपर्पज खेल स्टेडियम में बठिंडा प्रीमियर लीग का शानदार शुभारंभ होगा। इस अवसर पर महापौर के साथ सीनियर डिप्टी मेयर शाम लाल जैन भी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश वंदना से होगा। इसके बाद गिद्धा, भांगड़ा, फायर शो सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस जैसे विशेष प्रबंध किए गए हैं। मुंबई और चंडीगढ़ के डांस ग्रुप्स भी अपनी शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोहेंगे। मनोरंजन जगत से बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल और जरीन खान अपनी परफॉर्मेंस देंगी, वहीं नूरां सिस्टर्स, मास्टर सलीम और माशा अली अपनी मधुर गायकी से समां बांधेंगे। वहीं पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह भी मौजूद होंगे।



# जगराओं में गूंजा विकसित भारत का नारा, जाखड़ ने गिनाए मोदी सरकार की योजनाओं के फायदे

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/9 जनवरी। केंद्र सरकार के विकसित भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, एडवोकेट विक्रम सिंह सिद्धू, अनील सरीन समेत कई लीडर जगरांव के पास गांव पोना पहुंचे। यहां आयोजित जिला स्तरीय विशाल प्रचार रैली में जाखड़ ने मुख्य रूप से विकसित भारत और प्रधानमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं के फायदों पर प्रकाश डाला। जनसमूह को संबोधित करते हुए जाखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाएं गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वाले परिवारों, पिछड़े वर्गों और ग्रामीण मजदूरों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रही हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोधी दल इन योजनाओं के खिलाफ झूठा प्रचार कर गरीब की थाली से रोटी छीनने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे विपक्ष के बहकावे में न आएं और देश की उन्नति के लिए प्रधानमंत्री मोदी का डटकर साथ दें।



### मान सरकार पर तीखे राजनीतिक हमले

रैली के दौरान जाखड़ ने पंजाब सरकार को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान को 'डमी मुख्यमंत्री' करार दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब की सत्ता वास्तव में अरविंद केजरीवाल चला रहे हैं और मान साहब के पास कोई अधिकार नहीं है। जाखड़ ने कहा कि केजरीवाल का विकास मॉडल केवल अखबारों के विज्ञापनों तक सीमित है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

### कानून व्यवस्था पर चिंता और विकास की पेशकश

राज्य की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए जाखड़ ने आंकड़े पेश किए कि पंजाब में अपराध दर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है, जिससे गुरुओं की धरती 'दहशत' का दूसरा नाम बन गई है। अंत में, जाखड़ ने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि वे पंजाब के विकास के लिए केंद्र के साथ मिलकर चलें। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री 2000 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाकर भेजते हैं, तो प्रधानमंत्री मोदी इसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत पास करेंगे।

# अमृतसर में दिनदहाड़े हमला, फिरौती न देने पर हमला, बाइक में मारी टक्कर, दौड़ाकर मारपीट, सोने का सामान लूटा



अमृतसर/यूटर्न/9 जनवरी। अमृतसर में दिनदहाड़े हुए हमले का एक सनसनीखेज वीडियो सामने आया है, जिसने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक काली गाड़ी में सवार होकर आते हैं और आते ही सड़क पर जा रहे एक बाइक सवार पर हमला कर देते हैं। टक्कर लगते ही बाइक सवार बुरी तरह सड़क पर गिर जाता है और हमलावर हथियार लेकर पीड़ित के पीछे दौड़ते हुए नजर आते हैं। जानकारी के मुताबिक यह घटना अमृतसर के न्यू फ्लावर स्कूल के पास की बताई जा रही है। वीडियो में हमले की पूरी वारदात कैद हो गई है, जिसमें हमलावरों की बेखौफ हरकतें साफ नजर आ रही हैं। पीड़ित मुख्तियार सिंह अंतर्यामी कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है।

### फिरौती के चलते हमला

पीड़ित के रिश्तेदार साहिब सिंह ने बताया कि इस हमले के पीछे फिरौती की मांग का मामला है। उनका कहना है कि कुछ दिन पहले उनके जीजा से फिरौती मांगी गई थी। जब फिरौती की रकम नहीं दी गई, तो आरोपियों ने सरेआम हमला कर दिया। साहिब सिंह के अनुसार, हमलावर न केवल उनके जीजा पर हमला कर फरार हुए, बल्कि उनके पास से सोने का सामान लूटकर ले गए।

Tamanna Bhatia



# जगराओं के आढ़तियों ने पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ को सौंपा ज्ञापन, आढ़त 2.5 प्रतिशत बहाली की मांग

चरणजीत सिंह चन्न

जगराओं/पोना/यूटर्न/9 जनवरी। पंजाब की किसानी और अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले आढ़ती वर्ग ने आज अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पंजाब अध्यक्ष सुनील जाखड़ से मुलाकात की। आढ़तिया एसोसिएशन जगराओं के प्रतिनिधिमंडल ने एसोसिएशन के प्रधान कन्हैया गुप्ता (बांका) के नेतृत्व में जगराओं के नजदीकी गांव पोना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित रैली के दौरान जाखड़ को एक विशेष ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सुनील जाखड़ से गुहार लगाई कि वे केंद्र सरकार तक पंजाब के आढ़तियों की आवाज पहुंचाएं। उन्होंने मांग की कि आढ़ती कारोबार को बचाने के लिए 45.88 रुपये वाला फिक्स रेट खत्म करके, पहले की तरह फसल की कीमत का 2.5% कमीशन तुरंत बहाल किया जाए।



## क्या है मुख्य मुद्दा ?

एसोसिएशन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा पंजाब की मंडियों में अनाज खरीद पर दिया जाने वाला कमीशन (आढ़त) पिछले 6 वर्षों से स्थिर कर दिया गया है। ए.पी.एम.सी. (अढटउ) एक्ट के तहत आढ़तियों को फसल की कीमत का 2.5% (ढाई प्रतिशत) कमीशन मिलना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे घटाकर महज 45 रुपये 88 पैसे प्रति क्विंटल पर फिक्स कर दिया है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दुख जताते हुए कहा कि पंजाब में लगभग 45,000 आढ़तियों का कारोबार है। कमीशन फिक्स होने के कारण पिछले वर्षों में आढ़तियों को करोड़ों रुपये का वित्तीय नुकसान झेलना पड़ा है।

## यूनियनों ने किया विरोध



इस दौरान कुछ लोगों ने सुनील जाखड़ का विरोध किया गया। ग्रामीण मजदूर यूनियन के तीन नेताओं ने जी राम जी बिल के खिलाफ नारे लगा नारेबाजी की। यूनियन नेता अवतार सिंह रसूलपुर, सुखदेव सिंह मानूके और मदन लाल पुलिस के साथ लुका-छिपी खेलते हुए गांव पोना पहुंचे। इस दौरान जगराओं थाने की पुलिस ने तीनों नेताओं को राउंड अप कर लिया।

# विधायक ग्रेवाल की अध्यक्षता में ग्लाडा अधिकारियों के साथ बैठक

## हलके में चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

लुधियाना, यूटर्न, 9 जनवरी। विधानसभा हलका लुधियाना पूर्वी से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोलो की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्लाडा (ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्षदों के अलावा ग्लाडा के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विधायक ग्रेवाल ने ग्लाडा द्वारा शुरू किए गए विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर 32, 33 और 39 में बरसाती पानी की निकासी की समस्या पर विशेष ध्यान देते हुए पाइप लाइन डालने के कार्य को जल्द शुरू करने के लिए अधिकारियों से चर्चा की, ताकि आगामी समय में जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

विधायक ग्रेवाल ने संबंधित क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सेक्टर 32 में जल्द ही एक हेल्थ क्लब का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस हेल्थ क्लब में बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



उन्होंने ग्लाडा अधिकारियों को अपने अधीन आने वाले पार्कों के सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण के निर्देश भी दिए, ताकि लोग सुबह-शाम सैर का आनंद ले सकें। विधायक ग्रेवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के लोगों से किए गए प्रत्येक वादे को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर पार्षद अमरजीत सिंह, पार्षद निधि गुप्ता, पार्षद लवली मनोचा, वार्ड नंबर 20 के इंचार्ज अंकुर गुलाटी, वार्ड नंबर 26 से इंदरदीप मिंकू और रमेश पिंका भी मौजूद रहे।

# व्यापारियों को राहत का भरोसा: केजरीवाल-मान बोले, अब दफ्तर नहीं, सरकार खुद बाजारों तक पहुंचेगी

पंजाब/एस.ए.एस. नगर, यूटर्न, 09 जनवरी। पंजाब के व्यापारियों और दुकानदारों के लिए बड़ी पहल करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ऐलान किया कि अब व्यापारियों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि 'आप' सरकार खुद उनके पास पहुंचेगी। एस.ए.एस. नगर में आयोजित पंजाब राज्य ट्रेडर्स कमीशन की पहली बैठक को संबोधित करते हुए दोनों नेताओं ने इसे वर्षों से व्यापारियों के प्रति चली आ रही उपेक्षा और 'टैक्स आतंकवाद' के अंत की दिशा में निर्णायक कदम बताया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को व्यापार में आसानी और सम्मान न मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक की सरकारों ने व्यापारियों को संदेह की नजर से देखा और बेवजह परेशान किया। ह्यआपह्न सरकार टैक्स प्रणाली को सरल, पारदर्शी और व्यापारी-हितैषी बनाएगी तथा स्थानीय बाजारों को अपग्रेड कर वर्षों से लंबित छोटे-छोटे मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दुकानदारों को देश का 'सच्चा देशभक्त' बताते हुए कहा कि व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और यह कमीशन उनकी भलाई, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार गांवों, कस्बों और बाजारों से चलाई जा रही है और यह पहल पंजाब में व्यापारिक सुधारों के एक नए युग की शुरूआत साबित होगी।

बैठक में वरिष्ठ आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह मॉडल देशभर में व्यापारी-समर्थक नीतियों का रास्ता खोलेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा, हरपाल चीमा, संजीव अरोड़ा सहित कई वरिष्ठ नेता और व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आतिशी और सीएम मान के रवैये के खिलाफ अकाली दल डीसी कार्यालय के बाहर देगा धरना

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/9 जनवरी। शिरोमणि अकाली दल की ओर से शनिवार सुबह बठिंडा के डीसी कार्यालय के सामने रोष धरना दिया जा रहा है। यह धरना दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा गुरु साहिबानों के खिलाफ की गई टिप्पणियों तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के अहंकारी और जन-विरोधी रवैये के विरोध में दिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि गुरु साहिबानों के खिलाफ किसी भी तरह की अपमानजनक टिप्पणी सिख कौम की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयानों से सिख समाज में भारी रोष है, लेकिन पंजाब सरकार का इस मामले पर चुप्पी साधे रखना बेहद निंदनीय है। बबली ढिल्लों ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान का अहंकारी रवैया और जनता की समस्याओं के प्रति उदासीनता अब सहन से बाहर हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अकाली दल लोकतांत्रिक तरीके से सरकार की नीतियों और बयानों का विरोध करता रहेगा।



# एलआईसी सेक्टर-17 चंडीगढ़ पर गंभीर आरोप, सफाई कर्मचारियों को रिश्वत न देने पर निकाले जाने का दावा

चंडीगढ़, यूटर्न, 09 जनवरी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की सेक्टर-17, चंडीगढ़ शाखा पर कर्मचारियों का भविष्य बर्बाद करने के गंभीर आरोप लगे हैं। आपकी आवाज पार्टी चंडीगढ़ के अध्यक्ष प्रेमपाल चौहान ने आरोप लगाया है कि एलआईसी कार्यालय में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को कथित तौर पर अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के चलते सिर्फ इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया क्योंकि उन्होंने रिश्वत देने से इनकार कर दिया। प्रेमपाल चौहान के अनुसार, ये सफाई कर्मचारी पिछले करीब 10 वर्षों से एलआईसी सेक्टर-17 में सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में उन्हें बिना किसी ठोस कारण के कार्य से हटा दिया गया, जिससे उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि एक ओर एलआईसी लोगों के भविष्य को सुरक्षित करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर अपने ही कर्मचारियों का भविष्य अंधकार में धकेल रही है। आपकी आवाज पार्टी के अध्यक्ष ने इसे लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि रिश्वत लेना और देना, दोनों ही भारतीय संविधान के अनुसार अपराध हैं, फिर भी ईमानदारी से काम करने वाले कर्मचारियों को सजा दी जा रही है। प्रेमपाल चौहान ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर दलितों से वोट तो लेती है, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हीं दलितों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने देश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा, दोनों की सत्ता के दौरान भी ऐसे मामलों में गरीब और मजबूर लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। प्रेमपाल चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर होने से बचाया जाए और पीड़ित सफाई कर्मचारियों को न्याय दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जनता के हितों की अनदेखी करती रही तो देश की जनता उसे कभी माफ नहीं करेगी।

# कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर विशेषाधिकार का उल्लंघन: स्पीकर विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा ने सदन की कार्यवाही के अनधिकृत वीडियो क्लिप के आधार पर मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर का औपचारिक संज्ञान लिया है। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी द्वारा कथित तौर पर 'सिख गुरुओं के अपमान' से जुड़े इस वीडियो क्लिप का मुद्दा भाजपा के लक्ष्मी नगर विधायक अभय वर्मा ने उठाया था। जालंधर पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर उस वीडियो क्लिप पर आधारित है जो दिल्ली विधानसभा में आतिशी प्रकरण से संबंधित है। इसे पंजाब पुलिस ने मिश्रा के एक्स हैंडल से डाउनलोड किया और फोरेंसिक जांच के बाद इसे 'एडिटेड' घोषित कर मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372